वात्सल्य

खेल-खेल में जाने बालिका शिक्षा की बाधायें एवं समाधान

सुगंधा कार्यक्रम



आओ खेल खेले, साथ में जरूरी जानकारी लें

प्रिय बच्चों, साथियों सांप सीढ़ी का यह खेल मनोरंजन के साथ-साथ जानकारियों का खजाना है। इस खेल को खेलते समय ध्यान रखें कि सांप के मुख पर लिखी बातें गलत व्यवहार हैं जिनके बहुत ही गम्भीर दुष्परिणाम सांप की पूंछ पर लिखे हुए हैं, इसी तरह सीढ़ी के शुरुआती छोर पर लिखी बातें सही व्यवहार है जिनके अच्छे परिणाम सीढ़ी के ऊपरी छोर पर लिखे हुए हैं। खेल खेलते समय निम्न अंको पर पांसा (गोटी) आने पर आपस में चर्चा अवश्य करें।

अंक	चर्चा हेतु बिन्दु
8	अभिभावक भी भोजन और शिक्षा का घर पर ध्यान दें और कुपोषण से बचायें।
10	बालिका समृद्धि योजना में कन्या जन्म पर 500 रुपये तथा सालाना छात्रवृत्ति मिलती है। • कक्षा 1 से 3 तक 300 रुपये • कक्षा 4 के लिए 500 रुपये • कक्षा 5 के लिए 600 रुपये • कक्षा 6 और 7 के लिए 700 रुपये • कक्षा 8 के लिए 800 रुपये • कक्षा 9 व 10 में 1000 रुपये
17	शिक्षित बेटी अपना अधिकार जानती है सरकार भी विकास तभी कर सकती है जब आधी आबादी भी आगे आए और योगदान करें। महिलाओं को न केवल पढ़ना चाहिए बल्कि शिक्षा का उपयोग रोजगार में भी करें ताकि देश उन्नति करे।
28	समाज में यह भ्रांति है लड़कियों को गृहकार्य में दक्ष होना ही उनकी उपलब्धता है जबकि बेटों को पढ़ाई व कमाई में दक्ष होना चाहिए।
31	एक पढ़ी लिखी माँ अगली पीढ़ी को भी सुविचार और शिक्षित करती है जिससे देश उन्नति करता है।
36	लड़के मस्ती में अपने भी बहन को छेड़ते है जिससे वह भी अपनी बहन की पढ़ाई रोकता है।
40	बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ में अच्छा भोजन व आइरन की गोलियां तथा माहावरी के लिए सेनेटरी नैपकिन भी प्रदान किया जाते हैं।
46	सरकार ने हर ब्लॉक में कौशल विकास केंद्र खोले हैं ताकि बेटियाँ आर्थिक रूप से आत्म निर्भर बन सकें।
53	बेटियों पर बचपन से ही पारिवारिक एवं गृह कार्य, बाल विवाह, बाल मजदूरी का बोझ डाल दिया जाता है जिससे वे पढ़ाई में पिछड़ जाती हैं।
57	शिक्षा का अधिकार मिले इसलिए हर गाँव में प्राइमरी स्कूल खोले गए हैं ताकि बेटियाँ पढ़ लिख सकें।
63	बाल विवाह कानूनी जुर्म है बेटी का 18 वर्ष व बेटे का 21 वर्ष बाद ही विवाह हो सकता है इससे उनका शारीरिक मानसिक और आर्थिक शोषण होता है।
71	सरकारी द्वारा DBT के माध्यम से मुफ्त ड्रेस व कॉपी किताब मिलते हैं।
76	किशोरियों की पढ़ाई छेड़छाड़ के डर से छुड़वा देते हैं पर उन्हें हेल्पलाइन नंबर 1098 और 1090 की जानकारी दें।
94	बेटियों की शिक्षा,स्वास्थ्य पर कम लागत लगाई जाती है उनको सरकारी सुविधाओं से जोड़े जैसे WIFS, 14 वर्ष तक अनिवार्य एवं मुफ्त शिक्षा।
96	शिक्षा की कमी से वे अपने हक जैसा समान मजदूरी, संपत्ति में भागीदारी, स्त्री धन आदि के बारे में नहीं जानती।
99	बेटी से भेदभाव है जैसा जन्म लेना, स्वास्थ्य सुविधाएं, हिंसा, शिक्षा, संपत्ति में हिस्सेदारी।

संकल्पना एवं निर्माण : वात्सल्य, 377, चर्च रोड, इन्दिरा नगर, लखनऊ, फोन : 0522-2351130

सत्र-2024